दिनांक 27.06.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर श्री देवेंद्र यादव एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने संयुक्त रुप से ली निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा, बैठक में दिए गए कई महत्वपूर्ण निर्देश

भिलाईनगर/ महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली और भिलाई निगम क्षेत्र में सामाजिक व शासकीय भवनों , गार्डन, तालाब सौंदर्यीकरण और सीसी रोड जैसे स्वीकृति हो चुके अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करने एवं प्रगतिरत कार्य को गुणवत्तापूर्वक करते हुए शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक महापौर श्री देवेंद्र यादव एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने संयुक्त रूप से ली। भिलाई क्षेत्र के मुख्य सड़कों के किनारे रंगीन सजावटी लाइट लगाने के कार्य को विस्तार करते हुए सुपेला रोड से गदा चौक , नंदनी रोड से एसीसी चौक चौक तक भी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने भिलाई शहर में हरियाली को बढ़ावा देने निगम की ओर से किए जाने वाले वृक्षारोपण के रूट चार्ट का अवलोकन किए। निगम के सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त श्री रघुवंशी ने सभी जोन के आयुक्तों और विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे अपने अपने क्षेत्रों में डेंगू , पीलिया जैसे बीमारियों से रोकथाम एवं विकास कार्य हेतु निगम के द्वारा कराए जा रहे कार्यों को लेकर प्रतिदिन वार्डवार सघन दौरा तथा निर्माण कार्य वाले स्थानों पर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का निरंतर निरीक्षण करते रहें। महापौर श्री यादव ने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर चुके कार्यों को संविदा की कार्यवाही करते हुए जल्द ही कार्य आदेश जारी कर कार्य को प्रारंभ करावे! राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कार्यों को लेकर जताई नाराजगी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का कार्य स्व सहायता समूह की महिलाओं के विभिन्न रोजगार से सीधा जुड़ा हुआ है, जिसकी लेटलतीफी करने पर श्री यादव ने एनयूएलएम की टीम के मिशन मैनेजर पर नाराजगी जाहिर की तथा प्रगति नगर मार्केट एवं अन्य योजनाओं को लेकर विस्तृत विवरण के साथ पृथक से बैठक करने के निर्देश दिए! सूअर पलकों पर होगी कार्यवाही बैठक में सूअर के आतंक को समाप्त करने पर चर्चा की गई इसके लिए सूअर पालकों की बैठक बुलाने के निर्देश दिए गए , सूअर पकड़ने के अभियान पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई , सूअर पालकों को समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने वाले पर अब कड़ी कार्यवाही की जाएगी! इसके अतिरिक्त बैठक में मुक्तिधाम में लकड़ी की पर्याप्त मात्रा, उद्यानों को रखरखाव किए जाने , एलईडी लाइट सिस्टम अपडेट करने , 1100 निदान का प्रचार-प्रसार करने, पिंक उद्यान निर्माण की समीक्षा , यूनीपोल लगाने पर चर्चा , सामुदायिक शौचालयों में पेंटिंग, आकाशगंगा सब्जी मार्केट शिफ्टिंग , साइकिल स्टैंड के लिए निविदा प्रक्रिया , गढ़कलेवा की

निविदा प्रक्रिया, विधायक निधि के कार्यों की समीक्षा , एसएलआरएम सेंटर की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा , अमृत मिशन योजना अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा सहित छोटे कार्यों से लेकर बड़े कार्यों की संपूर्ण समीक्षा संयुक्त रूप से की गई!
बैठक में निगम के अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह , उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरूण पाल लहरे , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , सुनील अग्रहरी, प्रीति सिंह, महेंद्र पाठक, विभाग प्रमुख एवं अन्य उपस्थित रहे।